**नागालैंड और नेफा में धार्मिक प्रचार पर प्रतिबन्ध**

2873. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
**श्री शारदानन्द :**
**श्री भारत सिंह चौहान :**
**श्री वंश नारायण सिंह :**
**श्री हुकम चंद कछवाय :**
**श्री जगन्नाथ राव जोशी :**

**क्या गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार अथवा किसी अन्य प्राधिकारी ने नागालैंड और नेफा में गैर-ईसाई धर्म प्रचारकों द्वारा उनके धर्म का प्रचार किये जाने पर कोई प्रतिबन्ध लगाया है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है ;

(ग) क्या सरकार इस बात का पता लगाने के लिए जांच करवायेगी कि कुछ समग्र पूर्व समाज के एक दल को जो धार्मिक प्रचार के लिये नेफा में गया था, नेफा के प्राधिकारियों ने वापिस जाने को कहा था ;

(घ) क्या ये कार्यवाहियां भारतीय संविधान में निहित भावना के विरुद्ध हैं ; और

(ङ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में और इलेक्ट्रोनिक्स और वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान विभागों में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चंद्र पंत)** : (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) नेफा प्रशासन ने सूचित किया है कि ऐसा कोई मामला नहीं हुआ है ।

(घ) और (ङ). प्रश्न नहीं उठते ।

**जलन्धर के कालेजों का पटियाला विश्वविद्यालय के साथ सम्बन्ध होना**

2874. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
**श्री राम गोपाल शालवाले :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**

**क्या शिक्षा तथा युवक सेवा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पटियाला विश्वविद्यालय जलन्धर के कालेजों को इस बात के लिए विवश कर रहा है कि वे उसके साथ सम्बद्ध हो ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन कालेजों के पटियाला विश्वविद्यालय के साथ सम्बन्ध होने का इनके शिक्षा के माध्यम पर प्रभाव पड़ेगा ;

(ग) क्या यह भी सच है कि कालेजों तथा इन जिलों के लोगों ने इस संबन्ध में नाराजगी व्यक्त की है ; और

(घ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव)** : (क) पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के अधिकार क्षेत्र का विस्तार जालंधर जिले तक नहीं है। तथापि, पटियाला, संगरूर, भटिंडा तथा रोपड़ जिलों में स्थित कालेज इस विश्वविद्यालय से संबद्ध है ।

(ख) से (घ). सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

**खाकसार संगठन**

2876. **श्री शारदा नंद :**
**श्री ओंकार लाल बेरवा :**
**श्री भारत सिंह चौहान :**
**श्री हुकम चंद कछवाय :**
**श्री जगन्नाथ राव जोशी :**

**क्या गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) **क्या सरकार ने देश में खाकसार**

संगठन के विधान लक्ष्य, उद्देश्य और सिद्धान्तों का अध्ययन किया है ;

(ख) क्या सरकार उसके विधान और सिद्धान्तों के अध्ययन के पश्चात् इस संस्था को राजनीतिक दल के रूप में मान्यता देती है ;

(ग) क्या यह सच है कि यह संगठन सर्वथा मुस्लिम संगठन है जिसमें दूसरे धर्मावलम्बियों के लिए इसमें कोई स्थान नहीं है ;

(घ) क्या सरकार के पास पर्याप्त प्रमाण हैं कि संगठन की निष्ठा भारत की अपेक्षा किसी अन्य देश के प्रति अधिक है ; और

(ङ) देश के विभिन्न राज्यों में संगठन के सदस्यों की संख्या कितनी है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) सरकार ने खाकसार जमात द्वारा तथाकथित 1961 में बनाए गए विधान को देखा है ।

(ख) संगठनों की गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिये कोई कानून न होने के कारण, किसी संगठन को राजनीतिक दल के रूप में मान्यता देने का कोई प्रश्न नहीं है ।

(ग) यद्यपि 1961 में अपनाये गये संगठन के विधान में धर्म के आधार पर सदस्य बनने पर कोई रोक नहीं है, फिर भी सरकार के पास ऐसी कोई सूचना नहीं है कि विभिन्न धर्मों के लोग जमात के सदस्य है ।

(घ) ऐसा कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है ।

(ङ) राज्य सरकारों से सूचना एकत्रित की जा रही है ।

**Arrest of Naxalites**

2877. SHRI SHIVA CHANDRA JHA : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) the total number of Naxalites arrested so far in the country, State-wise ;

(b) the number of Matriculates, Graduates and M.As. and Higher Degree-holders among the arrested Naxalites ;

(c) the divisions in which they are put in jails with their division-wise numbers in the States ; and

(d) the number of female arrested Naxalites, State-wise ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS, AND MINISTER OF STATE, DEPARTMENTS OF ELECTRONICS AND SCIENTIFIC AND INDUSTRIAL RESEARCH (SHRI K. C. PANT) : (a) A statement based on the information received from the State Governments is laid on the Table of the House.

(b) to (d). Facts are being ascertained from the State Governments.

*Statement*

| Name of the State | No. of extremists arrested |
|---|---|
| Andhra Pradesh | 1641 |
| Assam | 388 |
| Bihar | 625 |
| Kerala | 163 |
| Tamilnadu | 44 |
| Maharashtra | 15 |
| Mysore | 5 |
| Orissa | 227 |
| Punjab | 123 |
| Rajasthan | 3 |
| West Bengal | 2291 |

Information from the Governments of Uttar Pradesh and Jammu and Kashmir is awaited. The State Governments of Gujarat, Haryana Madhya Pradesh and Nagaland have furnished nil information.

**Appointment of Women to I. A S. Cadre**

2878. SHRI S. A. AGADI :
SHRI V. NARASIMHA RAO :
SHRI MURASOLI MARAN :
SHRI BIBHUTI MISHRA :
SHRI N. R. DEOGHARE :

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleassd to state :

(a) whether it is a fact that the Uttar